



# न्यूज़ लेटर
# उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

जून-2020

अन्दर के पृष्ठों पर......


- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध


## अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा क्रय सामग्री का निरीक्षण

- दिनांक 18.05.2020 : श्री सुनील कुमार गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उत्तर प्रदेश द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय के समस्त अधिकारीगण, रेडियो मुख्यालय के कार्यालयों में नियुक्त कार्मिकों एवं लखनऊ में स्थित महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर कार्यरत उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो कार्मिकों की करोना वायरस डिसीज़–19 से बचाव हेतु क्रय किये गये सेनेटाइज़र, हैण्ड वॉश (लिक्विड सोप), ग्लब्ज़, फेस मास्क, फेस शील्ड, नॉन कॉन्टेक्ट थर्मामीटर, पीपीई किट, सेनेटाइज़िंग मशीन, इत्यादि का अवलोकन किया एवं इनकी प्रभावशीलता के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय स्थित भवनों/कार्यालयों तथा उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो कॉलोनी के आवासों के सेनेटाइज़ेशन हेतु क्रय की गयी मशीनों का निरीक्षण कर इनके संचालन इत्यादि की जानकारी भी प्राप्त की। श्री गुप्ता ने प्रत्येक कार्मिक को पर्याप्त मात्रा में सेनेटाइज़र, हैण्ड वॉश (लिक्विड सोप), फेस मास्क, ग्लब्ज़, इत्यादि प्रदान करने तथा कार्मिकों को सामग्रियों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार ने यह भी निर्देश दिये कि जितनी भी सामग्री की आवश्यकता हो तो उसका क्रय कर लिया जाय। श्री गुप्ता ने दोहराया कि प्रत्येक कार्मिक के सुरक्षित रहने पर ही हम सभी सुरक्षित रहेंगे। इसलिए प्रत्येक कार्मिक पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।
- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के उक्त निर्देशों के क्रम में उक्तानुसार समस्त 820 अधिकारियों एवं कार्मिकों के प्रयोगार्थ आवश्यक/उपलब्ध सामग्रियों का वितरण तत्काल किया गया। इससे पूर्व मार्च 2020 तथा अप्रैल 2020 से निरन्तर कतिपय सामग्रियों का वितरण समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तथा उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो कॉलोनी के प्रत्येक सदस्य को फेस मास्क, अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के निर्देशों के क्रम में दिये गये हैं।







## सराहनीय कार्य

- दिनांक 03.05.2020 : आर0ओ0आई0पी0 केन्द्र, जनपद बदायूँ में समय 1632 बजे एक युवक के गंगा नदी में डूबने की प्राप्त सूचना पर ड्यूटीरत प्र0परि0/4445, अरविन्द कुमार द्वारा सर्वसम्बन्धित को सूचित कर त्वरित कार्यवाही कराकर उक्त युवक को बचाने में सहयोग किया जिसकी उच्चाधिकारियों द्वारा भूरि–भूरि प्रशंसा की गयी।
- दिनांक 25.04.2020 : जनपद नियंत्रण कक्ष, बुलन्दशहर में रात्रि समय 0105 बजे क्षेत्राधिकारी, स्याना द्वारा सूचित किया गया कि उपनिरीक्षक, नरेन्द्र पाल सिंह, प्राइवेट ड्रेस में थाना बीबीनगर से सफेद सेन्ट्रो कार (डीएल–4 93) से भाग रहे हैं, कुचेसर, गाज़ियाबाद जा सकते हैं। प्राप्त सूचना को ड्यूटीरत प्र0परि0याँ0/4170, दिनेश कुमार द्वारा सर्वसम्बन्धित को तथा हापुड़/गाज़ियाबाद को सूचित कर त्वरित कार्यवाही कराते हुए जनपदीय सीमाओं की घेराबन्दी करायी परिणामस्वरूप रात्रि 0225 बजे उक्त उपनिरीक्षक को मय गाड़ी थाना मसूरी क्षेत्र से पकड़वाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बुलन्दशहर द्वारा उक्त परिचालक द्वारा कृत कार्य की भूरि–भूरि प्रशंसा की गयी तथा दिनांक 08.05.2020 को रु0 1,000.00 के नकद पारितोषिक से पुरस्कृत किया।

## कोविड-19 सम्बन्धी सराहनीय कार्य

- रेडियो निरीक्षक, सहारनपुर, श्री रामनिवास ड्यूटी के अतिरिक्त कोविड–19 से बचाव हेतु बनाये गये सेन्टर पर आने व जाने वाले प्रवासी मजदूरों की संख्या नोट कर रिपोर्ट उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रतिदिन रात्रि 2000 बजे से 0600 बजे तक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहानरपुर के निर्देशानुसार, सहयोग कर रहे हैं। रेडियो उपनिरीक्षक, अशोक कुमार सक्सेना, प्र0परि0/3629, सतीश चन्द्र एवं प्र0परि0/सतविन्द्र सिंह भी कोविड–19 कण्ट्रोल रूम, कलेक्ट्रेट में ड्यूटी कर रहे हैं।
- रेडियो निरीक्षक, बागपत द्वारा कोविड–19 से बचाव हेतु स्टाफ एवं परिवारों को मास्क, हैण्ड सेनेटाइज़र एवं ग्लब्ज़ इत्यादि क्रय कर वितरित किये गये हैं। स्वयं परिसर, वाहनों के सेनेटाइज़ेशन के अतिरिक्त नगर निगम, जिला चिकित्सालय, पुलिस लाइन तथा फायर सर्विस से भी भवन/कार्यालय/वाहनों इत्यादि को समय–समय पर सेनेटाइज़ कराया जा रहा है। स्टाफ के फोन में आरोग्य सेतु एप डाउनलोड कराया गया है।
- रेडियो निरीक्षक, डीसीआर, गौतमबुद्धनगर ने अवगत कराया है कि डीसीआर व सीसीआर, गौतमबुद्धनगर में कोविड–19 हेल्पलाइन नम्बर स्थापित कर आमजन को चिकित्सा व भोजन की सहायता में सहयोग करने, सभी स्टाफ को मास्क, हैण्ड सेनेटाइज़र एवं ग्लब्ज़ आदि का वितरण तथा कार्यालय परिसर में सोडियम हाइपो साल्यूशन के छिड़काव हेतु बैट्री चालित स्प्रे मशीन क्रय की गयी है। कोविड संक्रमण से बचाव के उपायों का पालन किया जा रहा है।
- रेडियो निरीक्षक, मुज़फ्फरनगर द्वारा कोविड–19 से बचाव हेतु भवन/कार्यालय/वाहनों इत्यादि का समय–समय पर सेनेटाइज़ेशन कराया जा रहा है। इस कार्य में सन्देशवाहक/601, बबलू सिंह का सहयोग सराहनीय रहा है।
- रेडियो निरीक्षक, कानपुर नगर ने कोविड–19 से बचाव हेतु सेनेटाइज़िंग टनल लगाने तथा स्टाफ को सेनेटाइजेशन इत्यादि सामग्रियाँ क्रय कर उपलब्ध कराने से अवगत कराया है।

## पुलिस मुख्यालय, उ0प्र0 के आदेश/निर्देश

- मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या:लॉजिस्टिक्स–उन्नीस–निर्देश–(एमएसी वाद) 2020 दिनांक 28.05.2020 द्वारा माननीय न्यायालयों में लम्बित एम0ए0सी0 वाद (मोटर एक्सीडेन्ट क्लेम पिटीशन) प्रकरणों में प्रभावी पैरवी किये जाने के सम्बन्ध में नोडल अधिकारी के नामांकन, निर्देशित कार्यवाही करने तथा निर्धारित प्रारुप में सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।
- पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्या: डीजी–डीजी–आठ–94(16)/2020 /628 दिनांक 17.05.2020 द्वारा मीडिया ब्रीफिंग से सम्बन्धित पूर्व में निर्गत परिपत्र एवं निर्देश दिनांक 10.09.2011, 31.05.2012 एवं 26.04.2018 के साथ–साथ पत्र में अंकित निर्देशों का अनुपालन/गोपनीयता सुनिश्चित करते हुए अपने अधीनस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारियों को अवगत कराने हेतु समस्त अपर पुलिस महानिदेशक को निर्देशित किया गया है।

## उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के आदेश संख्या: सीए/एडीजी–1/2020 दिनांक 22.05.2020 द्वारा मुख्यालय के पूर्व आदेश संख्या: ओ–353/2007 दिनांक 19.03.2018 द्वारा उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) को प्रदेश के पुलिस ज़ोन की संचार व्यवस्था के पर्यवेक्षण विषयक आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए कार्य हित में क्रमशः श्री अनिल कुमार, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय को आगरा एवं मेरठ ज़ोन के स्थान पर कानपुर एवं बरेली ज़ोन, श्री सुनील कुमार सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन को वाराणसी एवं प्रयागराज ज़ोन के स्थान पर मेरठ एवं आगरा ज़ोन, श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर को कानुपर एवं बरेली ज़ोन के स्थान पर वाराणसी एवं प्रयागराज ज़ोन की संचार व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है। उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) प्राविधिक द्वारा उपर्युक्त सन्दर्भित आदेश दिनांक 19.03.2018 के अनुसार आवंटित पुलिस ज़ोन की संचार व्यवस्था का पर्यवेक्षण यथावत सुनिश्चित किये जाने हेतु भी निर्देशित किया गया है।
- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के आदेश संख्या: सीए/एडीजी–1/2020 दिनांक 22.05.2020 द्वारा मुख्यालय के पूर्व आदेश संख्या: ओ–353/2007 दिनांक 19.03.2018 द्वारा राज्य रेडियो अधिकारी को प्रदेश के पुलिस ज़ोन की संचार व्यवस्था के पर्यवेक्षण विषयक आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए कार्य हित में क्रमशः श्री सुनील कुमार शुक्ला, राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन को आगरा ज़ोन के स्थान पर कानपुर एवं बरेली ज़ोन तथा श्री रवीन्द्र सिंह, राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशिक्षण को कानपुर एवं बरेली ज़ोन के स्थान पर वाराणसी एवं प्रयागराज ज़ोन की संचार व्यवस्था के पर्यवेक्षण हेतु निर्देशित किया गया है।
- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के आदेश संख्या: सीए/एडीजी–(1)/2020 दिनांक 14.05.2020 द्वारा रेडियो मुख्यालय के राजपत्रित प्रकोष्ठ के कार्यों की समीक्षोपरान्त उक्त प्रकोष्ठ को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने तथा राजपत्रित अधिकारियों के प्रकरणों के प्रस्तुतीकरण हेतु व्यवस्था बनायी गयी है।

• प्रमुख सचिव, सिचाई अनुभाग–2, उ0प्र0 शासन के अर्द्ध0शा0पत्र संख्याः 354/2020–27–सि–2–5बाढ़/12 दिनांक 19.05.2020 के निर्देशानुसार उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन के पत्र संख्याः एफ–945/2020 (बाढ़) दिनांक 22.05.2020 द्वारा मानसून से पूर्व बाढ़ नियंत्रण सम्बन्धी सूचनाओं के आदान–प्रदान हेतु दिनांक 01.06.2020 से 31.10.2020 तक सम्बन्धित 113 स्थानों पर आर0टी0 सेट अधिष्ठापित कराये जाने हेतु सम्बन्धित जनपदीय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक को अपने स्तर से निर्देशित किये जाने हेतु समस्त पुलिस महानिरीक्षक/उप महानिरीक्षक परिक्षेत्र (प्रयागराज/कानपुर को छोड़कर) से अनुरोध किया गया है।

• उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन के पत्र संख्याः एम–676/18 दिनांक 19.05.2020 द्वारा अधिकांश सन्देशों का आदान–प्रदान पुलिस रेडियो मेल एवं क्यू मेल संचार माध्यम से किये जाने के फलस्वरुप एचएफ संचार माध्यम पर सन्देशों के आदान–प्रदान में आयी कमी के कारण किसी प्राकृतिक आपदा के समय पर एचएफ संचार माध्यम की क्रियाशीलता एवं महत्व के दृष्टिगत इस संचार की उपयोगिता बनाये रखने के उद्देश्य से जनपदों में अंग्रेजी भाषा के 100 ग्रुप्स तक के सन्देशों को एचएफ संचार माध्यम से आदान–प्रदान किये जाने हेतु समस्त जनपदीय सहायक रेडियो अधिकारी/सहायक रेडियो अधिकारी, संकेत/जनपदीय रेडियो निरीक्षक/रेडियो निरीक्षक, संकेत को निर्देशित किया गया है।

• उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय के कार्यालय ज्ञाप संख्याः ए–1341/2019 दिनांक 13.05.2020 द्वारा रेडियो मुख्यालय एवं जनपद/वाहिनी में नियुक्त रेडियो शाखा के अधिकारियों /कर्मचारियों द्वारा अपने ऊपर आश्रितों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति प्रकरणों पर भुगतान प्राप्त किया जा रहा है, जो उन पर आश्रित ही नहीं हैं। इस हेतु, कार्मिकों द्वारा जिन आश्रितों का चिकित्सा दावा प्रपत्र प्रस्तुत किया जा रहा है, वे वास्तव में उन पर आश्रित है अथवा नहीं। संस्तुति करने से पूर्व पत्र में अंकित शासनादेशों का अध्ययन कर, नियमानुसार चिकित्सा दावा प्रपत्र संस्तुति किये जाने हेतु संस्तुतिकर्ता/पर्यवेक्षणकर्ता अधिकारी को निर्देशित किया गया है।

## पदोन्नति

• उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय के आदेश संख्याः पी–773/2016 दिनांक 01.05.2020 द्वारा उ0प्र0 पुलिस रेडियो अधीनस्थ सेवा नियमावली–2015 (यथासंशोधित) में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत 07 प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक (यांत्रिक) को रेडियो उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान करते हुए उनकी वर्तमान नियुक्ति जनपद/इकाई में कार्यभार ग्रहण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## कल्याणकारी कार्य

• पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में मई–2020 में 97 कार्मिकों का उपचार किया गया। चिकित्सक से आवश्यक परामर्श द्वारा दूरभाष भी प्रदान कराया गया।

## सेवानिवृत्ति

• उ0प्र0 पुलिस रेडियो से मई–2020 में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर निम्न 06 अधिकारी सेवानिवृत्त हुए–

1. निरीक्षक गोपनीय, श्री सूरज प्रसाद श्रीवास्तव, रेडियो मुख्यालय, 2. रेडियो उप निरीक्षक, श्री सत्य नारायण शर्मा, बागपत, 3. रेडियो उप निरीक्षक, श्री मो0 शाह नवाज़ खॉ, रेडियो मुख्यालय, 4. रेडियो उप निरीक्षक, श्री प्रवेश कुमार सक्सेना, रामपुर, 5. रेडियो उप निरीक्षक, श्री अजय कुमार, शामली, एवं 6. रेडियो उप निरीक्षक, श्री सुरेन्द्र कुमार सिंह राठौर, मुरादाबाद।

सेवानिवृत्त हुए सभी 06 कार्मिकों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गयी।



## विविध

• अपर राज्य रेडियो अधिकारी, कर्मशाला/शोध एवं विकास के कार्यालय ज्ञाप संख्याः सीडब्लूएस–03/2020 दिनांक 20.05.2020 द्वारा मुख्यालय स्थित सभी कार्यालयों में सेनेटाइजेशन के समय कम्प्यूटर तथा उसकी सहवर्ती उपकर्मिकाओं को किसी पॉलीथिन अथवा मोटे कपड़े से ढके न जाने के कारण सेनेटाइज़र में मिले केमिकल के प्रभाव से कुछ मॉनीटरों की स्क्रीन पर काले धब्बे हो जाने की सूचना प्राप्त होने के सम्बन्ध में कम्प्यूटर एवं सहवर्ती उपकर्मिकाओं के बचाव/सेनेटाइज़ किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं।

## कोविड-19 विषयक जानकारियों हेतु अधिकारिक व्यवस्था

प्रायः सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, वाट्सएप, इन्सटाग्राम इत्यादि पर प्रसारित "कोरोना वायरस" (फेक न्यूज) सम्बन्धी भ्रामक खबरें जनमानस में भ्रान्ति पैदा करती हैं, जिनका तार्किक खण्डन बाद में प्रसारित होता है। भारत सरकार ने फर्जी खबरों से आगाह करने और भारत में कोरोनो वायरस संकट के बारे में किसी भी संदेह को स्पष्ट करने के लिए एक पोर्टल की स्थापना की है।

"COVID-19" फैक्ट चेक" के नाम से इस पोर्टल की स्थापना "सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रेस सूचना ब्यूरो द्वारा की गयी है, जो https://factcheck.pib.gov.in/ लिंक पर उपलब्ध है। इस लिंक पर जाकर, औपचारिक कार्यवाही पूर्ण कर "COVID-19" से सम्बन्धित किसी भी प्रकार के संदेह का पूरा जबाव ई–मेल पर प्राप्त किया जा सकता है।

कोरोना वायरस से बचाव हेतु भारत सरकार के "आरोग्य सेतु" एप पर सभी से पंजीकरण कराने की अपेक्षा है। साथ ही अद्यावधिक व प्रामाणिक जानकारी हेतु आकाशवाणी के "आल इण्डिया रेडियो" द्वारा प्रसारित खबरें, विशेषज्ञों की राय, पेनल डिस्कशन तथा डीडी न्यूज़ पर प्रसारित खबरें इत्यादि सुने व देखे जा सकते हैं। इन जन संचार माध्यमों से ही केन्द्र व राज्य सरकारें विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं सन्देश सामान्यजन तक पहुँचाती हैं।

## आतंकवाद विरोधी दिवस पर शपथ

• उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय के कार्यालय ज्ञाप संख्याः एम–406/2012 दिनांक 20.05.2020 द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दिनांक 21.05.2020 को आतंकवाद विरोधी दिवस मनाये जाने हेतु वर्तमान में (कोविड–19)

वायरस के संक्रमण के दृष्टिगत शासन के निर्देशानुसार शपथ ग्रहण कार्यक्रम सभी अधिकारियों द्वारा अपने–अपने कक्ष में एवं सभी अराजपत्रित कार्मिकों द्वारा अपने कार्यालय/अनुभाग में किये जाने के समय सभी के द्वारा मास्क धारण करते हुए सोशल डिस्टेन्सिंग के निर्देशों का पालन करने एवं उक्त शपथ ग्रहण कार्यक्रम की फोटो ई–मेल के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के क्रम में रेडियो मुख्यालय पर शपथ ग्रहण की गयी।






## कोविड-19 से बचाव के सम्बन्ध में रेडियो मुख्यालय एवं कॉलोनी पर कार्यवाही

- उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर के कार्यालय ज्ञाप संख्याः लाइन–विविध/2020 दिनांक 21.05.2020 एवं 26.05.2020 द्वारा "नोवेल कोरोना वायरस संक्रमण" से बचाव के सन्दर्भ में रेडियो मुख्यालय/प्रशिक्षण केन्द्र/आवासीय परिसर में प्रवेश एवं थर्मल स्कैनिंग इत्यादि हेतु व्यवस्था बनायी गयी है।
- उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर के पत्र संख्याः लाइन विविध/2020 दिनांक 16.05.2020, 23.05.2020 एवं 27.05.2020 द्वारा "नोवेल कोरोना वायरस संक्रमण" से बचाव हेतु उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय/ऑपरेशन/एमसीआर/प्राविधिक तथा अपर राज्य रेडियो अधिकारी, लखनऊ के अधीन मुख्यालय/लखनऊ के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर कार्यरत 820 विभागीय कार्मिकों हेतु निम्न सामग्रियों का वितरण कराया गया है–

| 240 मि.ली. सेनेटाइज़र | 200 मि.ली. डिटॉल हैण्ड वॉश | फेस मास्क | ग्लब्ज़ लेटेक्स | ग्लब्ज़ पॉलीथिन | कैप |
|---|---|---|---|---|---|
| 820 | 820 | 2460 | 2440 | 2440 | 200 |








इससे पूर्व मार्च/अप्रैल 2020 में विभागीय कार्मिकों को लगभग 102 लीटर सेनेटाइज़र, 1422 मास्क, 525 ग्लब्ज़, काफी मात्रा में साबुन/हैण्ड वॉश, कार्यालयों की साफ–सफाई हेतु विभिन्न सामग्रियाँ उपलब्ध करायी गयीं थीं।

- उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय एवं कॉलोनी परिसर में कोविड–19 के संक्रमण से बचाव हेतु जागरुकता अभियान चलाये गये। इस हेतु सभी मुख्य–मुख्य स्थानों, प्रवेश द्वारों एवं नोटिस बोर्ड पर पोस्टर्स चिपकवाये गये और बोर्ड लगवाये गये। वाहनों की नियमित साफ–सफाई व सेनेटाइज़ेशन, व्यक्तिगत साफ–सफाई, व्यक्तिगत दूरी बनाने, प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने जैसे सुझाव एवं निर्देश दिये गये हैं।
- रेडियो मुख्यालय के प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी को व्यक्तिगत तौर पर मॉस्क, हैण्ड ग्लब्ज़, हैण्ड वॉश/लिक्विड सोप, सेनेटाइजर्स, इत्यादि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया गया है। मुख्यालय के कार्यालयों तथा सम्पूर्ण परिसर को नियमित रुप से अधिकारियों/कार्यालयों की संतुष्टि के अनुसार सेनेटाइज़ कराया जा रहा है। छिड़काव हेतु आवश्यक सेनटाइज़िंग सामग्रियाँ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। संचार उपकरण एवं सामग्री आपूर्ति हेतु आने वाले वाहनों, वाहन चालकों, सहायकों इत्यादि की सेनेटाइज़िंग मुख्यालय के बाहर ही करायी जा रही है। प्रत्येक व्यक्ति की थर्मल स्कैनिंग भी करायी जा रही है।
- उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो कॉलोनी में आवासित परिवारों को कोविड–19 के संक्रमण से सचेत करने हेतु सार्वजनिक उद्घोषणायें नियमित तौर पर करायी गयीं। कॉलोनी के सभी आवासों की नियमित सेनेटाइज़िंग प्रचलन में है। कॉलोनी में बाहरी व्यक्तियों के आवागमन पर कड़ा नियंत्रण लागू है ताकि बाहर से कोई वायरस प्रभावित व्यक्ति कॉलोनी को प्रभावित न कर सके। कॉलोनी में आवासित परिवारों की सुविधा हेतु ब्रेड, दूध, फल एवं सब्जी इत्यादि की व्यवस्था कॉलोनी में ही करायी गयी जिससे स्टाफ को बाहर न जाना पड़े तथा संक्रमण से प्रभावित होने का खतरा कम से कम रहे।






लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।
मुद्रक – शिवा PRESS 95989 666 88 KAPOORTHALA, LUCKNOW
प्रतियाँ – 300